संपादकीय

## मनु भाकर ने सूखे को खत्म किया

मनु भाकर ने पेरिस ओलपिक में कांस्य पदक जीतकर पिछले दो ओलपिक खेलों से निशानेबाजी में चले आ रहे सूखे को खत्म कर दिया है। मनु भाकर ओलपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इससे पहले भारत ने निशानेबाजी में चार पदक जीते हैं और यह पदक जीतने वाले सभी चारों निशानेबाज पुरुष हैं। मनु भाकर ने ओलपिक खेलों की शुरुआत में ही पदक पर निशाना साधकर इन खेलों में भाग ले रहे शूटरों का ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय दल की बॉडी लेंग्वेज बदल दी है। इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना बेस्ट देने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे भारत अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल हो सकता है।

यह मनु की सफलता का ही प्रभाव था कि रमिता झिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में स्थान बनाया। हालांकि वह फाइनल में पहुंचकर भी पदक नहीं पा सकीं और उन्हें सातवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। हम सभी जानते हैं कि भारतीय निशानेबाज यदि तीन चार पदकों पर निशाना साधने में सफल हो जाएं तो भारतीय पदकों की संख्या दो अंकों में पहुंच सकती है। भाकर 2021 में हुए टोक्यो ओलपिक में पिस्टल खराब हो जाने की वजह से अपना बेस्ट नहीं दे सकीं थीं।

इसके बाद उनके कोच जसपाल राणा से संबंध खत्म हो गए थे, लेकिन जसपाल ने अलग होने के बाद उनके प्रदर्शन में गिरावट आती गई। वह तो खुदा का शुक्र है कि उन्हें सही समय पर जसपाल राणा से फिर से जुड़ने की जरूरत महसूस हुई। मनु ने पदक जीतने के बाद कहा कि एक बार पदक पक्का हो जाने पर खुशी हुई।

पर आगे नहीं बढ़ पाने का अफसोस है। वह कहती हैं कि अगली स्पर्धा में पदक का रंग पीला यानी गोल्ड करने का प्रयास करुंगी। वह अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए गीता का पाठ करती हैं, जिसमें कहा गया है कि खुद के कर्म पर भरोसा रखो। यह बात भारतीय दल के सभी सदस्यों पर लागू होती है।

भारत इस समय निशानेबाजी के अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, बॉक्सिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और एथलेटिक्स और कुश्ती शुरू होने पर भारत की पदक संभावनाएं और बढ़ेंगी। बहुत संभव है कि हम इस बार दर्जन भर पदकों तक पहुंच जाएं। पर हमें यहीं संतुष्ट होकर नहीं बैठना चाहिए क्योंकि अभी हम आबादी के हिसाब से विश्व स्तर से काफी पीछे हैं।

# पेरिस ओलंपिक 2024: पीवी सिंधु की धमाकेदार जीत, राउंड ऑफ-16 के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस**



पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के पदक की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिंधु ने बैडमिंटन के महिला एकल का अपना दूसरा ग्रुप मुकाबला भी जीत लिया है।उन्होंने एस्टोनिया के क्रिस्टिन कुउबा को 21-5 और 21-10 से हरा दिया।इस जीत के साथ सिंधु ने राउंड ऑफ-16 में अपनी जगह बना ली है।बता दें कि सिंधु लगातार तीसरा पदक जीतने की ओर अग्रसर हैं। सिंधु ने मुकाबले में आसान जीत दर्ज की, पहले गेम में उन्होंने लगातार 8 प्वाइंट अपने नाम किए। ब्रेक तक स्कोर 11-2 था। इसके बाद उन्होंने बड़ी आसानी से गेम 21-5 से अपने नाम कर लिया।दूसरे मुकाबले में कुउबा ने थोड़ा अच्छा खेल दिखाया। हालांकि, इसके बाद सिंधु ने जोरदार वापसी की और ब्रेक तक स्कोर 11-6 कर दिया। ब्रेक के बाद कुउबा को कोई मौका ही नहीं मिला।दूसरा मुकाबला सिंधु ने 21-10 से अपने नाम किया।

पहले मुकाबले में सिंधु ने कमाल का प्रदर्शन किया था। दुनिया की 111वें नंबर की खिलाड़ी के पास उनका कोई जवाब नहीं था।पहला गेम सिंधु ने फातिमाथ नाबाह के खिलाफ सिर्फ 13 मिनट में जीता था। दूसरे गेम में 4-0 की बढ़त बनाई, लेकिन फातिमाथ ने वापसी करते हुए स्कोर 3-4 कर दिया था।भारतीय खिलाड़ी इसके बाद लगातार 6 अंक के साथ 10-3 से आगे हो गईं थी।उन्होंने मुकाबला 21-9 और 21-6 से अपने नाम किया था।

2016 में खेले गए रियो ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन स्टार सिंधु ने पहली बार हिस्सा लिया था। अपने पहले संस्करण में ही उन्होंने रजत पदक हासिल किया था।वह स्वर्ण पदक के मुकाबले में स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थी। साल 2020 में उन्होंने टोक्यों ओलंपिक में कांस्य पदक अपने नाम किया था।अगर उनका प्रदर्शन ऐसा ही कमाल का रहा तो वह 3 व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बन सकती हैं।

पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय टीम पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल के रूप में 5 स्पर्धाओं में मुकाबले में चुनौती पेश कर रही है।2 अगस्त से 5 अगस्त तक पदकों के लिए फाइनल मैच खेले जाएंगे। बैडमिंटन के सभी मुकाबले पोर्टे डे ला चैपल एरिना में खेले जा रहे हैं।सिंधु के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी पुरुष युगल जोड़ी, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन से भी पदक की उम्मीद है।

# 7.1 नहीं बल्कि 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी, इंडिया रेटिंग्स ने बदला अपना अनुमान

**नईदिल्ली**




इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने उपभोग मांग में सुधार की उम्मीद के बीच चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7.1 प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 7.5 प्रतिशत कर दिया।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकारी पूंजीगत व्यय, कॉरपोरेट/बैंकों के ऋणमुक्त बहीखाते और निजी कॉरपोरेट पूंजीगत व्यय चक्र की शुरुआत से जारी वृद्धि की गति को केंद्र सरकार के बजट से समर्थन मिला है।

बजट में कृषि/ग्रामीण व्यय को बढ़ावा देने, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम को ऋण वितरण में सुधार करने और अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने का वादा किया गया है।

रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना सकल घरेलू उत्पाद का वृद्धि अनुमान संशोधित कर 7.5 प्रतिशत कर दिया और कहा, इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का मानना है कि इन उपायों से उपभोग मांग को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का वृद्धि अनुमान आरबीआई के अनुमान से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि लगाया था। वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में इसके 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

## महिलाओं के तीसरे राउंड के साथ सर्फिंग स्पर्धाएं फिर से शुरू होने की संभावना

**ताहिती**

पेरिस ओलंपिक में सर्फिंग स्पर्धाएं, जिन्हें मंगलवार को स्थगित कर दिया गया था, बुधवार को दोपहर 12:00 बजे जीएमटी (5:30 बजे भारतीय समयानुसार) पर महिलाओं के राउंड 3 के साथ फिर से शुरू होने की संभावना है।

आयोजकों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इवेंट होगा या नहीं, इस पर अगली कॉल बुधवार को 10:15 जीएमटी (3:45 बजे भारतीय समयानुसार) पर आएगी।

इस बुधवार, 31 जुलाई को दोपहर में ताहिती में (फ्रांसीसी आधी रात) 8वें फाइनल महिलाओं के साथ प्रतियोगिता की बहाली संभव है। निर्णय बुधवार सुबह (जीएमटी) ताहिती में (पेरिस में शाम) को किया जाएगा। फ्रेंच सर्फिंग फेडरेशन ने एक बयान में कहा, सोमवार दोपहर को आई तेज लहर से पूरे दिन 30मी50 से अधिक की लहरें उत्पन्न होने की उम्मीद है, जबकि सुबह की तटवर्ती हवा दोपहर के आसपास दक्षिण-पूर्व (पार तट) क्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है।

## श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार जीत के बाद अब भारत की नजर वनडे सीरीज पर

**पल्लेकेले**

टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस मैच का नतीजा सुपर ओवर में निकला और इसी के साथ भारतीय टीम ने ये सीरीज 3-0 से जीती। यह गौतम गंभीर के कार्यकाल की पहली सीरीज थी। अब 2 अगस्त से वनडे सीरीज खेली जाएगी। जहां अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और वनडे कप्तान रोहित शर्मा भी टीम में वापसी करेंगे।

पल्लेकेले में श्रीलंकाई टीम ने सुपर ओवर में महज 3 रन का लक्ष्य दिया था और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली गेंद पर चौका मारकर टीम को जीत दिलाई। इसी के साथ गौतम गंभीर के कार्यकाल की टी20 सीरीज जीत के साथ शानदार शुरुआत हुई। कहीं न कहीं जिस प्रेशर सिचुएशन में टीम इंडिया लडख़ड़ा जाती थी, गंभीर और सूर्या के नेतृत्व में टीम ने वहां बाजी मारी।

आखिरी मुकाबले में कोच गंभीर ने कुछ ऐसे प्रयोग किए जिसकी वजह से टीम 3-0 से जीत का मौका गंवा सकती थी। भविष्य की योजनाओं और नए प्रयोग का नजारा इस मुकाबले में नजर आया। सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह ने भी गेंदबाजी की। दिलचस्प बात ये है कि टीम का ये प्रयोग सफल भी हुआ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को तीसरे टी20 मैच में जीत के लिए 138 रनों का टारगेट दिया था। भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सर्वाधिक 39 रनों की पारी खेली। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका और मैच टाई हो गया।

इस मैच का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट वॉशिंग्टन का 17वां ओवर ही था, जिसमें उन्होंने लगातार दो गेंदों पर पहले वानिंदु हसरंगा और फिर कप्तान असलंका को पवेलियन भेजा। हालांकि अभी भी श्रीलंका के हाथ में छह विकेट शेष थे और सेट बल्लेबाज परेरा भी क्रीज पर मौजूद थे।

अंतिम दो ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए सिर्फ 9 रन ही चाहिए थे। हालांकि रिंकू ने परेरा और रमेश मेंडिस दोनों को पवेलियन चलता कर एक बार फिर भारत की उम्मीदों को जगा दिया।

अंतिम ओवर में श्रीलंका को सिर्फ 6 रन ही चाहिए थे लेकिन ओवर की समय सीमा समाप्त होने के चलते अंतिम ओवर में भारत को एक अतिरिक्त फ़ील्डर तीस गज के दायरे के अंदर रखने पर मजबूर होना पड़ा।

# एक अगस्त से बदल जाएंगे 5 नियम, आपकी जेब पर होगा सीधा असर

**नईदिल्ली**

नया त्योहारी माह अगस्त शुरू होने वाला है. लेकिन क्या आपको पता है 1 अगस्त से ये पांच बड़े बदलाव आपको देखने को मिलेंगे. जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पडऩे वाला है. वैसे तो हर माह की 1 तारीख को एलपीजी सिलेंडर के रेट रिवाइज होते हैं. लेकिन इस बार बताया जा रहा है कि घरेलू सिलेंडर के दामों में कुछ कटौती हो सकता है. इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर के बड़े बैंक एचडीएफसी ने अपने सर्विस चार्ज में कुछ बदलाव किया है. बदले हुए सभी नियम 1 अगस्त 2024 से लागू कर दिये जाएंगे.

आपको बता दें कि 1 अगस्त से गूगल मैप्स में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा. जानकारी के मुताबिक 1 अगस्त से कंपनी अपनी सर्विस चार्ज 70% तक कम कर रही है. आम यूजर्स को कोई नया चार्ज नहीं देना होगा, यानी गूगल मैप्स के रोजमर्रा के इस्तेमाल पर कोई असर नहीं पड़ेगा.

वैसे तो हर माह की 1 तारीख को सिलेंडर के दाम रिवाइज किये जाते हैं. लेकिन काफी टाइम से घरेलू सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है. उम्मीद है कि घरेलू सिलेंडर के दामों में कुछ कटौती की जा सकती है. वहीं पिछले महीने सरकार ने 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर के दाम घटाए थे. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अगस्त महीने में भी सरकार सिलेंडर के दाम कम कर सकती है.

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक अगस्त माह त्योहारी होता है. इस माह बैंक छुट्टियों की भरमार होती है. इस अगस्त भी 13 दिनों तक बैंकों की छुट्टी रहने वाली है. ऐसे में अगर बैंकिंग से जुड़े आपके काम अटके हैं तो बैंक जाने से पहले बैंक हॉलिडे लिस्ट जरूर देख लें. क्योंकि बैंकों में पूरे 13 दिन काम-काज बंद रहेगा.

आपको बता दें कि आयकर विभाग ने इनकम टैक्स भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई निर्धारित की है. यदि आप इनकम टैक्स रिटर्न तय तारीख से पहले नहीं भरते हैं तो आपको 5000 रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है. अगर आपकी इनकम 5 लाख रुपये से कम है , 1,000 रुपये और अगर आपकी इनकम 5 लाख रुपये से ज्यादा है तो देरी से आईटीआर भरने पर जुर्माना 5,000 तक हो सकता है.

निजी सेक्टर का सबसे बड़ा बैंक एचडीएफसी 1 अगस्त से अपने कुछ सर्विस चार्जों में इजाफा करने वाला है. जानकारी के मुताबिक, क्रेडिट कार्ड से ऐप्स जैसे क्रेड, चेक, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज आदि से रेंट देने पर 1% ट्रांजैक्शन चार्ज लगेगा. इसके अलावा 5 हजार रुपये से ज्यादा का एक बार में पेट्रोल-डीज़ल भरवाने पर भी 1% चार्ज लगेगा.

## टमाटर के बाद अब प्याज ने भी बिगाड़ा बजट, 225 प्रतिशत तक बढ़े दाम

**नईदिल्ली**



वैसे तो बरसात के मौसम में हर साली ही सब्जियां महंगी होती हैं. लेकिन इस बार कुछ ज्यादा ही असर देखने को मिल रहा था. पिछले एक माह से टमाटर के दाम आसमान छू रहे थे. सरकार के दखल के बाद टमाटर के दामों से तो लोगों को राहत मिली है. लेकिन अब प्याज ने बजट बिगाड़ दिया है. 20 रुपए प्रतिकिग्रा बिकने वाली प्याज के रेट 80 तक पहुंच गए हैं. जबकि बिना प्याज किसी भी सब्जी का स्वाद अधूरा ही है. यही नहीं बाजार एक्सपर्ट की माने तो 15 अगस्त आते-आते प्याज के दाम 100 का आंकड़ा पार कर जाएंगे. इसके अलावा हरि मिर्च, धनिया आदि के दामों ने भी काफी ऊंचाई को छुआ है. एक्सपर्ट बताते हैं कि टमाटर की तरह प्याज भी बारिस के मौसम में खराब हो जाती है. साथ ही इसकी आवक भी इन दिनों में मंडियों में कम हो गई है. ये महंगाई अगस्त माह के लास्ट तक या सितंबर तक जारी रह सकती है. उसके बाद सब्जियां अपने मूल रेट पर लौटना शुरू हो जाएंगी. एक्सपर्ट का मानना है कि 15 अगस्त तक ही कुछ शहरों में प्याज के दाम 100 का आंकड़ा पार कर जाएंगे. सब्जी मार्केट एक्सपर्ट नवीन सैनी बताते हैं कि वैसे तो हर साल बरसात में सब्जियों के दाम महंगे होते हैं. लेकिन इस बार कुछ ज्यादा ही महंगाई आ गई है. इसका सीधा कारण है मंडी में सब्जियों की आवक घट जाना है.. क्योंकि बरसात के मौसम में ज्यादा दिन तक सब्जी सुरक्षित नहीं रहती है..

आपको बता दें कि पिछले एक माह में ही कुछ शहरों में प्याज के दामों में 225 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. डिपार्टमेंट्स ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स की साइट के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली समेंत वेस्ट यूपी के कई शहरों में प्याज की कीमतें आसमान छूती दिखाई दी. वहीं रिटेल मार्केट की बात करें तो दिल्ली की गाजीपुर मंडी में प्याज 80 रुपए प्रति किलो बिकती नजर आई. वहीं दिल्ली से कम ही दूरी पर मेरठ में भी प्याज के दाम 80 से 90 रुपए प्रति किलो देखने को मिले. प्याज के दामों में ये एक दम आया उछाल है.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

***वृष:*** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे।

***सिंह:*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है।

***कन्या:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है।

***तुला:*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा।

***धनु:*** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा।

***मकर:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

***कुंभ:*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे।

***मीन:*** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है।

## करण जौहर की वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह का ट्रेलर जारी, सस्पेंस और एक्शन का दिखा दम




करण जौहर पिछले कुछ समय से अपनी आगामी वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह को लेकर चर्चा में हैं।करण जानी-मानी निर्माता गुनीत मोंगा के साथ मिलकर यह सीरीज बना रहे हैं।इस सीरीज में राघव जुयाल और धैर्य कारवा मुख्य भूमिका नजर आएंगे। कृतिक कामरा भी इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रही हैं।अब ग्यारह ग्यारह का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो सस्पेंस और एक्शन से भरपूर है। इसमें राघव और कृतिका गुत्थी सुलझाते हुए नजर आ रहे हैं।

इस सीरीज का प्रीमियर 9 अगस्त, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होने जा रहा है। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ग्यारह ग्यारह का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, क्या समय की चूक से अनसुलझे अपराधों का खुलासा हो सकता है?राघव इस सीरीज के जरिए दूसरी बार करण के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों हाल ही में रिलीज हुई फिल्म किल के लिए साथ आए थे।

इस सीरीज का निर्देशन उमेश बिष्ट ने किया है। इस सीरीज का प्रीमियर 9 अगस्त, 2024 से जी5 पर होगा। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ग्यारह ग्यारह का ट्रेलर साझा किया है। उन्होंने लिखा, क्या समय की चूक से अनसुलझे अपराधों का खुलासा हो सकता है? राघव इस सीरीज के जरिए दूसरी बार करण जौहर के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले राघव, करण जौहर की हाल ही में रिलीज हुई किल में भी नजर आए हैं।

## अक्षय कुमार की नई फिल्म खेल खेल में का पहला गाना हौली हौली रिलीज



सरफिरा की रिलीज के बाद बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार अपनी अगली फिल्म खेल खेल में की तैयारी कर रहे हैं। उनकी फिल्म का लेटेस्ट ट्रेक हौली हौली रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में आपको अक्षय कुमार के साथ वाणी कपूर, एमी विर्क के साथ तापसी पन्नू और आदित्य सील के साथ प्रज्ञा जायसवाल की जोड़ी देखने को मिलेगी।

देखने में ये एक पार्टी सॉन्ग लग रहा है जिसे शायद किसी फंक्शन आदि के समय फिल्माया गया है। इस बीच सभी सेलेब्स एथनिक ड्रेस में नजर आए। इस गाने में अक्षय कुमार का सॉल्ट एंड पेपर लुक साफ साफ देखा जा सकता है।

इससे पहले अक्षय कुमार ने गाने के रिलीज की अनाउंसमेंट करने के लिए एक बीटीएस वीडियो शेयर किया था जिसमें वो सॉन्ग प्ले होने के बाद अचानक से बीच में नागिन डांस करने लगते हैं।

## सोनू सूद के बर्थडे पर फतेह की रिलीज डेट का एलान, जैकलीन फर्नांडिस संग आया एक्टर का फर्स्ट लुक



बॉलीवुड के दमदार अभिनेता और गरीबों के मसीहा सोनू सूद अपने 51वां बर्थडे के मौके पर एक्टर को उनके फैंस और सेलेब्स दोस्त बधाईयां दे रहे हैं. वहीं, सोनू सूद ने भी अपने चाहने वालों को रिटर्न गिफ्ट में अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म फतेह की रिलीज डेट का एलान किया है. साथ ही सोनू ने फिल्म से अपना और फिल्म की लीड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है. सोनू सूद लंबे समय से अपनी फिल्म फतेह पर काम कर रहे हैं. इस फिल्म का निर्देशन खुद सोनू सूद ने किया है.


जी स्टूडियो के बैनर तले बनी फिल्म फतेह को खुद सोनू सूद ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में वह लीड रोल में होंगे और जैकलीन फर्नांडिस फीमेल लीड रोल प्ले करेंगी. सोनू सूद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आज 30 जुलाई को आखिरकार फतेह की रिलीज डेट का एलान कर ही दिया है. फिल्म अगले साल 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी. फैंस के लिए रिटर्न गिफ्ट पोस्ट शेयर कर सोनू ने लिखा है, 10 जनवरी, देश की बेस्ट एक्शन फिल्म के लिए तैयार रहें. जी स्टूडियो ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, फतेह के साथ शानदार, अनदेखे, एक्शन पैक्ड एक्सपीरियंस को लेने के लिए खुद को तैयार कर लो.

फिल्म फतेह से दो पोस्टर शेयर किए गये हैं. पहले पोस्टर में सोनू सूद सूट-बूट में हाथ में बैग लिए समंदर किनारे खड़े हैं. उनके पीछे एक लोहे का पुल दिख रहा है. फिल्म के दूसरे पोस्टर में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिस दिख रहे हैं. दूसरे पोस्टर में जैकलीन घबराई हुई और सोनू इंटेंस लुक में दिख रहे हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 135

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 135

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.134 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |